Page Three
Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# लोगों की घर वापसी मामले में प्रदेश सरकार कर रही भेदभाव

**आरोप**

■किसानों का ऋण आज तक सरकार ने माफ नहीं किया है

## कई पंचायतघर भी सुविधाओं से लैस नहीं हैः प्रीतम सिंह




**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व विधायक प्रीतम सिंह ने कहा है कि प्रदेश की सरकार केवल थर्मल स्क्रीनिंग कर बाहर से वापस आये लोगों को अपने अपने गांवों को भेजने का काम कर रही है। सोमवार को कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि गांवों में सरकार ने ग्राम प्रधानों को आइसोलेशन की जिम्मेदारी दी गई है वहां पर किसी भी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं है। कई स्कूल ऐसे हैं जहां पर लाइट व शौचालय नहीं है।

इसी प्रकार से कई पंचायतघर भी सुविधाओं से लैस नहीं हैं। ऐसे में कैसे बाहर से जाने वाले व्यक्ति को क्वारेंटीन किया जायेगा यह समझ से परे है। उन्होंने कहा कि किसानों का ऋण आज तक सरकार ने माफ नहीं किया है। बेमौसमी बारिश व ओलावृष्टि से जहां किसानों की फसल बर्बाद हो गई है अभी तक सरकार ने उनका मुआवजा तक नहीं दिया गया है और केवल आंकलन करने पर लगी हुई है। कोरोना महामारी के चलते लगाये गये लॉकडाउन के कारण अन्य प्रदेशों में फंसे उत्तराखण्ड के लोगों को वापस लाने की राज्य सरकार के पास कोई रणनीति नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पिछले कई दिनों से अन्य प्रदेश में फंसे लोगों को वापस लाने की बात तो कर रही है परन्तु इस पर अमल के नाम पर अभी तक कुछ भी नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि एक ओर राज्य सरकार बयान जारी करती है कि राज्य के श्रमिकों को वापस लाने के लिए श्रमिक स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है जबकि रेल मंत्रालय द्वारा इसका खण्डन किया गया है कि उत्तराखण्ड प्रवासियों को वापस लाने के लिए श्रमिक रेलगाड़ी चलाने की कोई योजना नहीं है तथा इसका निर्णय उत्तराखण्ड सरकार के अनुरोध पर लिया जायेगा। प्रीतम सिंह ने यह भी कहा कि राज्य के अन्दर से भी लोग अपने गृह जनपद नहीं जा पा रहे लोगों की घर वापसी के मामले में राज्य की भाजपा सरकार द्वारा भेदभाव किया जा रहा है।

इस अवसर पर वार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना, पूर्व विधायक राजकुमार, महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा, सुभाष चौधरी, विजय सारस्वत, गरिमा मेहरा दसौनी आदि उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### जारी है संकल्प प्रकाश टीम का संकल्प

**संवाददाता** पिथौरागढ। जिले में देशव्यापी लाकडाउन थ्री के चलते संकल्प प्रकाश टीम के सदस्ययों का जरूरतमंदों की सेवा केलिए लिया गया संकल्प जारी है। बता देंकि अब तक टीम द्वारा नगर के जरूरतमंदों के लिए राहत सामग्रि पहुचाने का संकल्प अभियान जारी रखते हुए आज भाजपा केवरिष्ठ नेता भूपेश पंत व पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष वीरेन्द्र बोहरा के मार्गदर्शन में टीम के सदस्यों ने ग्रामीण क्षेत्र आगर कुमैयाचौड सटगल व स्याला में गरीब व असहाय व जरूरतमंद परिवार को राशन किट उपलब्ध कराया। बता दें कि अब तक संकल्प प्रकाश टीम के सदस्यों द्वारा 1700 से अधिक जरूरत मड़ों परिवार के लोगों को राशन किट बांटने का संकल्प जारी रखा। वही इस दोरान उनके साथ टीम के तमाम सदस्य मौजूद रहे।

### दिल्ली से आये दस लोगों के भेजे सैपल

**संवाददाता** पिथौरागढ। कोरोना प्रभावित दिल्ली से मुख्यालय पहुचे लोगों में से दस लोगों के सैपल हल्द्वानी भेजे गये है। रविवार को सैपल हल्द्वानी भेजे गये। बता दें कि इससे पहले मार्च माह में 18 सैंपल गये थे जो कि नेगेटिव आये थे। वही बीते शनिवार इन लोगों के सैपल निकाले गये थे जो कि देर रविवार को हल्द्वानी में भेजे गये। बता दें कि मंगलवार तक रिपोर्ट आयेगी ।सैंपल लिये जाने के बाद ये आये लोग अपने गतंव्यों तक भेज दिये गये।

### ग्लेनमार्क ने सीओपीडी के लिए 3–इन–1 इनहेलर थेरेपी पेश किया

**संवाददाता** देहरादून । शोध–केन्द्रित वैश्विक एकीकृत दवा कंपनी, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (ग्लेनमार्क), ने सोमवार को सिंगल इनहेलर ट्रिपल थेरेपीएआईआरजेड–एफएफ की घोषणा की। यह थिरेपी दो ब्रोन्कोडायलेटर्स, ग्लाइकोप्राइरोनियम एवं फॉर्मोटेरोल और इनहेलेशन कॉर्टिकोस्टेरॉइड फ्लूटिकेसोन का कम्बिनेशन है जो सीओपीडी के लिए कारगर है। इस नये ट्रिपल थेरेपी इनोवेशन के कई फायदे हैं यह महत्वपूर्ण ब्रोंकोडायलेशन (साँस लेना आसान बनाते हुए), गंभीर दौरों के जोखिम को कम करता है, और कई इनहेलर्स चध्पर निर्भरता को समाप्त करता है।1 गंभीर दौरों के जोखिम में कमी से अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत कम हो जाती है, जोकि वर्तमान मौजूदा स्थिति में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एआईआरजेड–एफएफ का भारतीय जनसंख्या1 में विशेष रूप से अध्ययन किया गया है और देश में सीओपीडी रोगियों के महत्वपूर्ण हिस्से के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए शुरू किया गया है। वैश्विक स्तर पर लगभग 35 प्रतिशत सीओपीडी रोग के लिए तम्बाकू धूम्रपान जिम्मेदार है।



## केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से उत्तराखंड से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से उत्तराखंड से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर नमामि गंगे, 2021 में हरिद्वार में होने वाले कुंभ मेले पर चर्चा की गई। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र शेखावत ने कहा कि हरिद्वार में होने वाले कुंभ मेले के लिए जल शक्ति मंत्रालय के तहत होने वाले कार्यों के लिए राज्य सरकार को हर संभव मदद दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि नमामि गंगे के तहत उत्तराखंड में अच्छा कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि डिस्ट्रिक गंगा कमेटी के तहत भी उत्तराखंड में सराहनीय कार्य हुए हैं। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि कुंभ मेले के लिए हरिद्वार में अनेक निर्माण कार्य होने हैं। जिसके लिए राज्य सरकार को जल शक्ति मंत्रालय से मदद की जरूरत होगी। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री ने कहा कि नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा एवं जल शक्ति मंत्रालय की ओर से पूरा सहयोग दिया जाएगा। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री ओम प्रकाश एवं अपर सचिव मुख्यमंत्री डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट भी उपस्थित थे।

# मायूस हुए चेहरे, हाथ से निकला पुश्तैनी कारोबार

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

**ये बदली हुई स्थितियां किसी चुनौती से कम नही**

पिथौरागढ। गर्बाधार लिपुलेख सडक बन जाने के बाद चीन सीमा तक जहां आसानी से पहुचा जायेगा। मगर ऐसे में सीमांत की पोनी पोटर्स व्यवस्था अब खत्म हो जायेगी। बता दें कि अब इस सीमा पर पोनी पोटर्स नही दिखाई देगे। सीमांत क्षेत्र में दशकों से चली आ रही यह एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें स्थानीय लोग घोडे खच्चरों की मदद से यात्रियों और उनका सामान चीन सीमा तक पहुचाते है। वापसी में भी उनको साथ लाने में सहयोग करते है। सूत्रों मुताबिक धारचूला क्षेत्र के अर्न्तगत दो से ढाई हजार परिवार ऐसे है जिनका पुश्तैनी कारोबार कई दशकों से यही रहा है।

बता दे कि ये लोग पांच माह तक खुलने वाले उच्च हिमालयी क्षेत्र में घेडे खच्चर चलाकर कैलास यात्रियोंको सीमा तक पहुंचानें व भारत चीन व्यापार के कारोबारियों का सामान लाने और ले जाने के साथ ही क्षेत्र में तैनात सुरक्षा बलों की खाघान्न सामग्रि का भी ढुलान करते है। इसी से उनके परिवार की आजीविका भी चलती है। चीन सीमा तक सडक पूरी हो जाने से जहां विकास के नए आयाम खुलेंगे वही कई दशकों पुरानी पोनी पोटर्स व्यवस्था अब केवल चर्चाओं तक ही सीमित रह जायेगी। देश विदेश से आने वाले लोगों को घोडे खच्चरों से चीन सीमा तक पहुंचाने वाले पोनी पोटर्स अब इस क्षेत्र में नही दिखाई देगे। अब इन पोनी पोटरों के सामने चुनौती खडी हो जायेगी कि रोजगार के नए आयाम तलासने में अब न जाने इनको कितना वक्त लगेगा। जहां एक ओर अब सडक का निर्माण होने से पोनी पोटर्स के चेहरों में मायूसी के अलावा दूसरा कुछ भी नही है।

इन बदली हुई स्थितियों के चलते इन परिववारों के समक्ष रोजी रोटी का संकट तो खडा होही गया है। पुश्तैनी करोबार का इनके हाथ से निकलना और भी गंभीर सवाल खडा करता है।

## सरस्वती विहार विकास समिति ने वितरित किए 315 खाने के पैकेट

**संवाददाता** देहरादून। सरस्वती विहार विकास समिति अजबपुर खुर्द देहरादून द्वारा लगातार 43 वें दिन 315 खाने के पैकेट हरिद्वार बाईपास पुलिस चौकी के माध्यम से वितरित किए गए। इस अवसर पर सरस्वती विहार विकास समिति के सचिव गजेंद्र भंडारी ने बताया कि आज भी क्षेत्र के लोगों द्वारा अपने जन्मदिन, शादी की सालगिरह को बच्चों के जन्मदिन के अवसर पर सहयोग करने की परंपरा लगातार जारी है। आज वार्ड 52 के पार्षद विमल उनियाल तथा उनकी धर्मपत्नी पूर्व पार्षद सोनू उनियाल की शादी की 15वीं सालगिरह के अवसर पर आज के खाने की पूरी व्यवस्था की गई। इससे पूर्व विमल उनियाल द्वारा अपनी पुत्री के प्रथम जन्म दिवस के अवसर पर भी एक दिन का भोजन दिया गया। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर समिति विमल उनियाल और सोनू उनियाल को शादी की सालगिरह की बहुत–बहुत शुभकामनाएं प्रेषित करती है। समिति के सचिव गजेंद्र भंडारी ने कहा कि कौन सी समिति लगातार 43 दिनों से गरीब और असहाय लोगों के लिए भोजन व कच्चा राशन वितरित कर रही है। इस अवसर पर समिति के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।